मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम.के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी के आशीर्वाद से अभिसिचिंत एवम् संचालित
एम.के. बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर




विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555


# दरोगा बनने को 54 केंद्रों पर परीक्षा देंगे 88,320 अभ्यर्थी

## 14 और 15 मार्च को दो पालियों में होगे वाली परीक्षा में शामिल होंगे 17 जनपदों के अभ्यर्थी, सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पुलिस एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस की सीधी भर्ती परीक्षा-2025 को लेकर लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट ने पूरी तैयारी कर ली है। 14 व 15 मार्च को होने वाली लिखित परीक्षा लखनऊ के 54 केंद्रों पर होगी। शहर में प्रदेश 17 जनपदों से कुल 88,320 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा का आयोजन दो पालियों में होगा।

डीसीपी मुख्यालय अनिल यादव ने बताया कि पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन बजे से शाम 5 बजे तक होगी। प्रत्येक पाली में 22080 अभ्यर्थी शामिल होंगे। लखनऊ में बनाए गए 54 परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की मदद से लगातार निगरानी की जाएगी। इसके साथ ही परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार से लेकर परीक्षा कक्ष के बीच कई राउंड में अभ्यर्थी की चेकिंग होगी।

परीक्षा केंद्रों के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। सर्विलांस टीम केंद्रों के आसपास बीटीएस के जरिए साल्वरों पर नजर रखेगी। थाना पुलिस को निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा केंद्र से आसपास किसी भी व्यक्ति की गतिविधि संदिग्ध लगने पर तत्काल हिरासत में लेने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा के दौरान एसटीएफ, पुलिस टीम, साइबर सेल और सर्विलांस टीम लगातार एक्टिव रहेंगी।

साइबर थाना पुलिस भी लगातार सोशल मीडिया पर नजर रखे हुए है। सोशल मीडिया पर हर संदिग्ध अकाउंट की छानबीन की जा रही है। डीसीपी ने बताया कि परिवहन और रेलवे से पत्राचार कर बस अड्डों व स्टेशन पर सुरक्षा की दृष्टि से और अभ्यर्थियों के आवागमन हेतु उचित प्रबंध करने के लिए कहा गया है।

### इन जिलों के अभ्यर्थी होंगे शामिल




- डीसीपी ने बताया कि लखनऊ में आंबेडकर नगर, औरैया, अयोध्या, बाराबंकी, इटावा, हरदोई, जौनपुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, सीतापुर, सुल्तानपुर, उन्नाव, वाराणसी के अभ्यर्थी शामिल होंगे।

### लखनऊ क्षेत्र में अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए 1007 बसों का संचालन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बस स्टेशनों पर बनाई जाएगी हेल्प डेस्क, व्यवस्थाएं भी होंगी दुरुस्त

**अमृत विचार:** पुलिस भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों के लिए परिवहन निगम लखनऊ क्षेत्र 1007 बसों का संचालन करेगा और 31 बसें आकस्मिक परिस्थिति के लिए आरक्षित रखी जाएंगी। बस स्टेशनों पर पूछताछ कक्ष से लेकर खाने-पीने के स्टाल 24 घंटे संचालित रहेंगे। प्रत्येक बस स्टेशन पर हेल्प डेस्क भी बनाई जाएगी। परेशानी होने पर अभ्यर्थी क्षेत्रीय कंट्रोल रूम के नंबर 8726005808 पर संपर्क कर सकते हैं।

आलमबाग एआरएम राजेश कुमार ने बताया कि नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आलमबाग बस अड्डे पर करीब 100 अभ्यर्थियों के ठहरने और स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत होने पर दवाओं की व्यवस्था भी रहेगी। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक एसएन चौधरी को अवध क्षेत्र में निगरानी के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है। रायबरेली के लिए सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक दिनेश चंद्र श्रीवास्तव को नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं।

उन्हें 13 मार्च से 16 मार्च तक रायबरेली बाईपास पर पालीवार कार्मिकों की ड्यूटी लगाकर लंबी दूरी की बसें शहर के अंदर से ही संचालित कराने के निर्देश दिए गए हैं। बाराबंकी में ऐसी व्यवस्था की जिम्मेदारी संबंधित सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को सौंपी गई है। क्षेत्रीय प्रबंधक अमरनाथ सहाय ने बताया कि बस स्टेशनों पर पूछताछ कक्ष, टी स्टाल, खान-पान स्टाल और वाटर कूलर 24 घंटे संचालित रहेंगे। स्टेशन परिसर व शौचालयों की नियमित सफाई और प्रतीक्षालयों में पंखों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

#### कहां से कितनी बसें

| डिपो/बस स्टेशन | बसें |
|---|---|
| चारबाग डिपो | 125 |
| अवध डिपो | 115 |
| कैसरबाग निगम | 149 |
| कैसरबाग अनुबंधित | 132 |
| आलमबाग डिपो | 83 |
| उपनगरीय डिपो | 8 |
| हैदरगढ़ डिपो | 110 |
| रायबरेली डिपो | 169 |
| बाराबंकी डिपो | 116 |

### पेपर लीक का झांसा देने वाले सक्रिय, रिपोर्ट

- **अमृत विचार, लखनऊ:** उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस व समकक्ष पदों की सीधी भर्ती 2025 की लिखित परीक्षा में जालसाज सक्रिय हो गए हैं। ऐसे तीन सोशल मीडिया टेलीग्राम पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। निरीक्षक सतेंद्र कुमार के अनुसार उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से 14 व 15 मार्च को दरोगा भर्ती की परीक्षा होनी है। बोर्ड की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफार्म व्हाट्सएप्प, एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब और टेलीग्राम पर निगरानी की जा रही है। टेलीग्राम पर तीन चैनल यूपी एसआई यूपी पोलिस –2026, रिजल्ट पैनल पीवीटीटीएम और यूपी एक्जाम पेपर यूपी एसआई–2026 संचालित मिले। इन चैनलों पर अभ्यर्थियों को दरोगा भर्ती परीक्षा 2025 का प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का झांसा दिया जा रहा है। यूपी एसआई यूपी पोलिस –2026 नाम के चैनल पर यूपीआई आईडी वायरल कर अभ्यर्थियों से 20 हजार रुपये जमा कराने पर प्रश्नपत्र देने का मैसेज किया गया। रिजल्ट पैनल पीवीटीटीएम चैनल पर क्यूआर कोड शेयर कर अभ्यर्थियों से 10 हजार रुपये एडवांस और 10 हजार रुपये परीक्षा के बाद देने की बात कही गई है। यूपी एक्जाम पेपर यूपी एसआई–2026 चैनल पर एयरटेल पेमेंट बैंक लिमिटेड के खाता व आईएफएससी कोड की डिटेल जारी कर 10 हजार रुपये एडवांस और 10 हजार रुपये परीक्षा के बाद जमा करने पर पेपर उपलब्ध कराने का मैसेज किया गया।निरीक्षक ने तीनों टेलीग्राम चैनल के खिलाफ हुसैनगंज कोतवाली में धोखाधड़ी, सरकारी कार्य में बाधा, यूपी सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम व आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसओ हुसैनगंज शिवमंगल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### माल क्षेत्र में मिड डे मिल पर गैस का संकट

**अमृत विचार, लखनऊ :** रसोई गैस की दिक्कत माल क्षेत्र के कई विद्यालयों में देखी जा रही है। जिसके कारण बच्चों के मध्यान्ह भोजन पर संकट खड़ा होता दिखाई दे रहा है। कुछ विद्यालयों में लकड़ी के चूल्हे पर भोजन बनाते हुए देखा गया जबकि अन्य विद्यालयों में रसोई गैस मौजूद था। लखनऊ जिले के ज्यादातर प्राथमिक विद्यालयों में अक्षय पात्र योजना से बना बनाया भोजन पैकेट पहुंचता है, जबकि मॉल क्षेत्र के विद्यालयों में भोजन पकाने की व्यवस्था है।

### बस यात्री का खोया पर्स मिला

**अमृत विचार, लखनऊ:** परिवहन निगम के कर्मचारियों और पुलिस प्रशासन की तत्परता से आलमबाग बस टर्मिनल पर एक महिला यात्री का छूटा हुआ पर्स सुरक्षित वापस मिल गया। जानकारी के अनुसार 11 मार्च को यात्री अनीता सैनी उन्नाव से आलमबाग की यात्रा बस संख्या यूपी 78 एलएन 5480 (झांसी डिपो) से कर रही थीं। आलमबाग पहुंचकर बस से उतरते समय उनका पर्स बस में ही छूट गया, जिसमें करीब 16 हजार रुपये नकद और जरूरी दस्तावेज थे। स्टेशन प्रभारी राजा राम शर्मा ने तत्परता दिखाते हुए झांसी डिपो के बस कंडक्टर से संपर्क किया और पुलिस चौकी को सूचना दी। कंडक्टर ने पर्स सुरक्षित महिला को सौंप दिया। पर्स वापस पाकर अनीता सैनी ने परिवहन निगम और पुलिस प्रशासन का आभार जताया।

### छेड़छाड़ के विरोध पर पिता व पुत्री को पीटा

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले मजदूर ने बताया कि मंगलवार देर रात करीब एक बजे उनकी बेटी शौच के लिए गई थी। इस बीच पड़ोस में रहने वाला अखिलेश राजपूत वहां पहुंचा। मौका देख आरोपी ने किशोरी को हाथ पकड़कर मुंह दबा दिया। विरोध करने पर आरोपी ने किशोरी को पीटा।किशोरी के शोर मचाने पर पीड़ित पिता मदद के लिए दौड़ा। आरोपी अखिलेश को टोका तो वह हाथापाई कर धमकाते हुए भाग निकला। किशोरी रोते हुए घर पहुंची और सारी बात मां से बतायी। पिता ने बुधवार को बंथरा थाने में शिकायत की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी अखिलेश राजपूत के खिलाफ छेड़छाड़, मारपीट, गाली-गलौज व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

### जीएसटी चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, माल :** बोगस फर्म बनाकर 1.77 करोड़ रुपये के फर्जी लेन-देन और जीएसटी कर चोरी करने वाले दो लोगों को साइबर क्राइम सेल व माल पुलिस की टीम ने गिरफ्तार किया है।उनके पास से तीन मोबाइल फोन और एक लैपटाप बरामद किया है। ये लोग जरूरतमंद लोगों को महज 10-15 हजार रुपये का लालच देकर उनके दस्तावेज लेकर फर्जी कंपनियां बनाकर फर्जीवाडा करते थे। डीसीपी क्राइम कमलेश दीक्षित ने बताया कि 28 अगस्त को राज्य कर खंड-18 के सहायक आयुक्त नरेश वर्मा ने माल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया गया था कि माल इब्राहिमपुर स्थित रामकली एंटरप्राइजेज नाम से बोगस फर्म बनाकर करीब 1.77 करोड़ रुपये का फर्जी आईटीसी क्लेम किया गया है। फर्म का पता और कारोबार दोनों गलत मिले थे। इसके बाद पुलिस ने चुंगा खां निवासी पहाड़पुर बिसवां सीतापुर और सलमान रहमानी निवासी नवीउल्लाह रोड बांसमंडी को दबोच लिया। चुंगा खां किसान है और सलमान क्लीनिक चलाता है।

# हरदोई में केजी के छात्र को टैंकर ने रौंदा, मौत

संवाददाता, हरदोई/अतरौली

**अमृत विचार।** घर से बनियान लेने निकला केजी का छात्र अचानक हादसे की चपेट में आ गया,पानी का टैंकर ले जा रहे ट्रैक्टर ड्राइवर की लापरवाही के चलते उसके कुचल कर दर्दनाक मौत हो गई। गुरुवार तीसरी पहर हुआ हादसा चौराहे फर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पुलिस ने दी गई तहरीर पर लापरवाह ड्राइवर को ढूंढ रही है।

बताया गया है कि अतरौली थाने के जनिगांव निवासी भइया लाल राठौर का 5 वर्षीय छोटा पुत्र कृष्णा राठौर एक निजी स्कूल में केजी का छात्र था,उससे बड़ा भाई और छोटी बहन है। भइया लाल राठौर ने बताया कि गुरुवार करीब तीन बजे बगल में बाबा भोला की दुकान पर बनियान लेने गया हुआ था। उसी बीच चौराहे पर शमीम ट्रैक्टर से पानी का टैंकर ले कर पहुंचा। उसने पहले तो कृष्णा को ट्रैक्टर पर बैठाया और फिर उतार कर उसे स्टार्ट कर दिया,नतीजतन ट्रैक्टर का पहिया कृष्णा के सिर के ऊपर से निकल गया,हादसा होते ही वहां शोर होने लगा,तमाम लोग दौड़ पड़े,उसी बीच शमीम वहां से भाग गया। कृष्णा को सीएचसी भरावन पहुंचाया गया,जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई,ट्रैक्टर चंदू का बताया गया है। पुलिस ने भइया लाल राठौर की तहरीर पर लापरवाह ड्राइवर को ढूंढने में जुट गई है।



गोमती नदी में गिरने वाले नाले को दोपहिया वाहन सवार जान जोखिम में डालकर निकलते हैं। इससे बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। अमृत विचार

# 30 को स्कूलों के सामने मार्शल की तैनाती की रिपोर्ट दें डीसीपी

## खुलने- बंद होने के समय जाम के मामले में हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के समक्ष स्कूलों के खुलने और बंद होने के समय लगने वाले जाम के मामले में सुनवाई हुई। न्याय मित्र वरिष्ठ अधिवक्ता जेएन माथुर ने न्यायालय को बताया कि ला मार्टिनियर गर्ल्स कॉलेज, लोरेटो कान्वेन्ट कॉलेज व सिटी मॉन्टेसरी स्कूल्स के आसपास ट्राफिक व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है, हालांकि विनीत खंड स्थित सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल के पास अभी काफी प्रयास की आवश्यकता है। न्यायालय को यह भी बताया गया कि 18 स्कूलों ने 10- 10 लोगों को मार्शल ट्रेनिंग के लिए भेजा है। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई 30 मार्च तय कर डीसीपी, ट्रैफिक को मार्शल्स की तैनाती और उसके प्रभाव के संबंध में रिपोर्ट देने का आदेश दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने गोमती रिवर बैंक रेजीडेंट्स की ओर से वर्ष 2020 में दाखिल की गई जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। उक्त याचिका पर सुनवायी के दौरान न्यायालय ने स्कूलों की वजह से होने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात के संबंध में पूर्व में कई आदेश दिए हैं। सुनवाए एके दौरान न्यायालय को यह भी जानकारी दी गई कि 12 मार्च तक पुलिस द्वारा मार्शल्स को दी जा रही ट्रेनिंग पूरी कर ली जाएगी, इसके पश्चात उन्हें स्कूलों के पास तैनात किया जाएगा।

### डीआईओएस लखनऊ हाईकोर्ट में तलब

- **अमृत विचार, लखनऊ:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने हुसैनगंज स्थित चुटकी भंडार गर्ल्स इंटर कॉलेज के जर्जर भवन में चलने के मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ को हाजिर होने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवायी 7 अप्रैल को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति एके चौधरी की खंडपीठ ने विजय कुमार पांडेय की याचिका पर दिया। पूर्व की सुनवायी में न्यायालय ने कॉलेज प्रबंधन को नोटिस जारी करने का भी आदेश दिया था। न्यायालय ने कहा कि यदि भवन की हालत वाकई जर्जर है, तो इससे वहां पढ़ने वाले बच्चों और शिक्षकों को खतरा हो सकता है। न्यायालय ने जिला विद्यालय निरीक्षक को भी निर्देश दिया था कि वे हलफनामा दाखिल कर स्पष्ट करें कि उन्होंने इस संबंध में क्या कदम उठाया। हालांकि आदेश के बावजूद जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से कोई हलफ़नामा यहीं दाखिल किया गया, इस पर सख्त रुख अपनाते हुए न्यायालय ने उन्हें 7 अप्रैल को कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का आदेश दिया है।




### यूपी बार काउंसिंल का दूसरे दिन का मतदान सम्पन्न

**अमृत विचार, लखनऊ:** यूपी बार काउंसिल के चुनाव के लिए गोमती नगर स्थित हाईकोर्ट परिसर में बुधवार को दूसरे चरण का मतदान शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। पाँच दिनों तक लगातार चलने वाले इस मतदान में करीब 27 हजार अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

अंतिम चरण 15 मार्च को सम्पन्न होगा। इससे पहले जनवरी में अव्यवस्था और हंगामे के कारण वोटिंग रद्द कर दी गई थी। अब संशोधित कार्यक्रम के तहत कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान कराया जा रहा है। 11 मार्च को वर्ष 2000 तक के पंजीकृत अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जबकि गुरूवार को कुल 5663 अधिवक्ता मतदाताओं में से लगभग 80 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 13 मार्च को वर्ष 2011 से 2018 तक के पंजीकृत अधिवक्ता अपना वोट डालेंगे। इसी प्रकार 14 व 15 मार्च को क्रमशः 2019 से 2021 तथा 2022 से 2025 तक के पंजीकृत अधिवक्ता मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# महिला के नाजुक अंग और शरीर पर मिले चोट के 12 निशान

- बाल, नाखून और स्कीन जांच के लिए भेजे गए
- मां और बेटे की हत्या के आरोपी को भेजा गया जेल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सिसेंडी में 45 वर्षीय मां और 18 वर्षीय नेत्रहीन बेटे की हत्या में बुधवार देर रात पुलिस मुठभेड़ में घायल सिपाही व आरोपी किशन रावत उर्फ केशन रावत को अस्पताल से छुट्टी मिल गई। आरोपी से पूछताछ कर पुलिस ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। उसके बाद आरोपी के कपड़े, बाल, नाखून, स्कीन का नमूना लेकर फॉरेंसिक के लिए भेज दिया गया है।

मेडिकल के बाद आरोपी को इंस्पेक्टर मोहनलालगंज बृजेश त्रिपाठी ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी किशन 9 मार्च को महिला के बकाया रुपये देने गया था। शराब के नशे में ही उसने मां-बेटे को 100 रुपये वापस किए। कहा कि 60 रुपये बाद दे देगा। इस पर महिला ने पूरे रुपये देने के लिए कहा। आरोपित ने 500 रुपये निकाल कर बकाया काटने के लिए कहा। इसी बीच युवक ने अपनी मां से कहा कि किशन बिना बताए घर में दाखिल हो जाता है। दुकान से जो रुपये और सामान चोरी हुआ था, वह भी उसी ने चोरी किए हैं। मां से बोला कि पुलिस को बुलाओ। इसपर नोंकझोंक होने पर महिला ने किशन को धक्का दिया। जमीन पर गिरने से कोहनी में चोट लगी थी।

आरोपी किशन ने नेत्रहीन को लात मार दी। मां के विरोध पर उसे धक्का दे दिया। जिससे वह दीवार से लड़कर बेहोश हो गई। इसी बीच उसने बेटे को हौदी में गिराकर उसका गला घोंट दिया। महिला होश में आने पर चिल्लाने लगी तो उसका मुंह दबाया। निढाल पड़ने पर महिला की पेजामी उताकर गला कस दिया था। फिर पेजामी को चारपाई के पावे से बांध दिया था। इस हाथापाई के दौरान महिला के शरीर पर कई चोटें लगी थी। महिला की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर व नाजुक अंगों पर करीब 12 एंटी मार्टम चोटें मिली हैं। वारदात के बाद आरोपी बिना शर्ट के मृतका के घर से निकला। बाहर दरवाजे पर बेलन लगाकर जाने लगा। इस दौरान चंद कदम की दूरी पर शौच कर रहे युवक ने उसे देखा था। पसीने से भीगे किशन को देख युवक ने यह बात मालिक को बतायी, जिसके बाद पुलिस को आरोपी के बारे में लीड मिली थी।

### हत्या के बाद घर गया, चार साल के बेटे संग निकला

- आरोपी किशन ने पुलिस को बताया कि वह वारदात के बाद पहले अपने घर गया। घर से चार साल के बेटे को लेकर भीलमपुर मोड़ पुलिया पहुंचा। जहां पर उसके परिचित दो लोग खड़े थे। वह परिचितों के साथ मोहनलालगंज कस्बे में पहुंचा। वहां उसने बाइक में 50 का पेट्रोल डलवाया। इसके बाद अपनी बुआ के लड़के को बुलाकर अपनी ससुराल चला गया। बेटे को वहीं छोड़ कर फरार हो गया था। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद रेप व अन्य धाराओं को बढ़ाया है। हत्यारोपी ने पुलिस को उसने बताया कि उसके एक रिश्तेदार के घर बच्चे का जन्म हुआ है। जिसे देखने के बहाने पहले दिन वह वहीं रुक गया। दूसरे दिन अपनी ससुराल गढी मवैया, फिर बिजनौर व कनकहा में रिश्तेदारों के यहां गया। बुधवार को भोलाखेड़ा में फूफा घर से भागने का प्रयास कर रहा था।

अवसर

## दिसंबर तक शुरू हो जाएगा 100 बेड का नया क्रिटिकल केयर वार्ड

# लोहिया में होगी 150 डॉक्टर और 863 नर्सिंग व स्टाफ की भर्ती

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में 150 डॉक्टर और 863 नर्सिंग, टेक्नीशियन और अन्य स्टाफ की भर्ती होगी। संस्थान प्रशासन ने भर्ती प्रस्ताव तैयार करके शासन को भेजा है।

संस्थान के निदेशक प्रो. सीएम सिंह ने प्रशासनिक भवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए निदेशक प्रो. सीएम सिंह ने कहा कि चिकित्सा सुविधाओं को विस्तारित करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। विभिन्न राज्यों में चल रही बेहतर चिकित्सा प्रणालियों को संस्थान में लागू किया जा रहा है। कोशिश है कि मरीजों को कम समय में बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके। इसी को ध्यान में रखते हुए शहीद पथ स्थित लोहिया संस्थान के दूसरे परिसर में 100 बेड का क्रिटिकल केयर वार्ड भी बनाया जा रहा है।

शासन स्तर पर डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मियों के नए पद के सृजन पर सहमति बन गई। जल्द ही विज्ञापन जारी कर भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर वार्ड को दिसंबर तक शुरू करने की तैयारी है। इससे वहां भर्ती होने वाले गंभीर मरीजों को मुख्य परिषद में नहीं आना पड़ेगा। यहां एक हजार बेड का नया अस्पातल भी बनेगा। जिसमें सभी ब्रॉड स्पेशियलिटी विभाग स्थापित किए जाएंगे।

संस्थान के निदेशक प्रो सीएम सिंह ने बताया कि मरीजों के बढ़ते भार को देखते हुए इमरजेंसी में 40 बेड बढ़ाए जा रहे हैं। ऐसे में गंभीर मरीजों को राहत मिलेगी। शाम के वक्त अलग- अलग तरह के गंभीर मरीजों का भार बढ़ जाता है। इन बेडों के बढ़ने और बेड़ के अनुपात में डॉक्टर व अन्य कर्मियों की तैनाती करने से मरीजों को राहत मिलेगी।

इसकी भी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि संस्थान के शहीद पथ स्थित नए परिसर में अत्याधुनिक लेवल-1 ट्रामा सेंटर भी स्थापित किया जाएगा। ऐसे में हाईवे के आसपास को दुर्घटनाग्रस्त होने वाले मरीजों को तत्काल चिकित्सा सुविधा मिल सकेगा। वहां क्रिकिटल केयर होने का भी फायदा मिलेगा।

इसी तरह संस्थान में अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए एक इंक्यूबेशन सेंटर और कौशल विकास के लिए ''स्किल, इनोवेशन एवं सिमुलेशन केंद्र'' की स्थापना की जा रही है। भविष्य में 543 गैर-शैक्षणिक पदों पर नई नियुक्तियों की जाएगी। इननियुक्ति की प्रक्रिया पूरी होने पर संस्थान में सभी सुविधाएं मुकम्मल हो जाएंगी।

### वर्ष के अंत तक हो जाएगी गामा नाइफ की स्थापना

- संस्थान के निदेशक प्रो सीएम सिंह ने बताया कि दो वर्ष में संस्थान मेंभर्ती होने वाले मरीजों की संख्या में लगातार बढोत्तरी हुई है। प्रति वर्ष9 लाख से अधिक ओपीडी और 75 हजार से अधिक मरीजों को भर्ती करके उपचार किया जा रहा है। इमरजेंसी में हर साल करीब 1.5 लाख से अधिक मरीजों को उपचार दिया जा रहा है। एडवांस न्यूरो साइंस सेंटर में 170 बेड और 4 नए ऑपरेशन थियेटर तैयार कर लिए गए हैं। न्यूरो साइंस सेन्टर में उत्तर प्रदेश के प्रथमगामा-नाइफ की स्थापना का कार्य प्रारंभ हो चुका है, जो इस वर्ष के अंत तक पूर्ण हो जाएगा। साथ ही, किडनी, लीवर और बोन मेरो ट्रांसप्लांटेशन सेंटर और 100 बेड का क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक भी पूर्णता की ओर अग्रसर हैं। संस्थान ने रोबोटिक सर्जरी के लिए ' 'एडवांस रोबोटिक सिस्टम' ' की स्थापना की है। अब तक 250 सफल गुर्दा प्रत्यारोपण किए जा चुके हैं।

### किसान की मौत, हत्या का आरोप

**अमृत विचार, हरदोई:** थाना अतरौली क्षेत्र के गांव आदमपुर में किसान केशन (43) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की बेटी ने 6 लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतक की पत्नी उर्मिला की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक केशन गांव के उत्तर पक्की सड़क पर 300 मीटर दूर खेत में अर्धनिर्मित पक्के मकान में परिवार के साथ रहकर खेती करता था और छोटी पान पुड़िया की दुकान करता था। मृतक की बेटी सरिता ने बताया कि गांव के पश्चिम में अपने खेत में पिता पक्का मकान बनवा रहे थे। इन दिनों केशन परिवार के साथ रहता था।बुधवार की रात दस बजे मृतका की बेटी सरिता दुकानों में,मां सुमित्रा दरवाजे पर छप्पर के नीचे और बरामदा में मृतक केशन तखत पर सोया था।

# कौशल विकास केंद्रों की निगरानी व्यवस्था पर जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना सरकार की प्राथमिकता : अवनीश अवस्थी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को आधुनिक कौशल प्रदान कर उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसके लिए उन्होंने सुझाव दिया कि प्रत्येक मंडल में सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारियों, उद्योग विशेषज्ञों और बैंकरों की समिति गठित कर प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण कराया जाए।

अवनीश अवस्थी गुरुवार को नेशनल स्किल एंड एजुकेशन समिट, उप्र. में बोल रहे थे। उन्होंने कौशल विकास केंद्रों की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मजबूत निगरानी व्यवस्था विकसित करने पर जोर दिया। समिट की शुरुआत करने के बाद उप्र. कौशल विकास विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने कहा कि शिक्षा और कौशल विकास को एक साथ जोड़ना समय की आवश्यकता है। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि युवाओं के लिए एक डिजिटल लर्निंग पोर्टल भी विकसित किया गया है, जहां मुफ्त ऑनलाइन पाठ्यक्रम और प्रमाणपत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कार्यक्रम में डिजिटल लर्निंग पत्रिका के नए संस्करण का भी विमोचन किया गया।

# अभिषेक प्रकाश की बहाली पर अंतिम फैसला लेंगे मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हाईकोर्ट से 1600 पन्नों की चार्जशीट रद्द होने से निलंबन का आधार कमजोर
- एक वर्ष की अनिवार्य समीक्षा में शासन स्तर पर बहाली की फाइल तैयार

**अमृत विचार :** 2006 बैच के चर्चित आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश की बहाली पर अंतिम फैसला अब मुख्यमंत्री स्तर पर होगा। हाईकोर्ट द्वारा उनके खिलाफ दाखिल करीब 1600 पन्नों की चार्जशीट रद्द किए जाने के बाद निलंबन का आधार कमजोर पड़ गया है। ऐसे में सेवा नियमावली के तहत एक साल की अनिवार्य समीक्षा में शासन स्तर पर उनकी बहाली से संबंधित फाइल तैयार कर ली गई है।

सूत्रों के अनुसार कार्मिक विभाग ने इस मामले में अपनी रिपोर्ट तैयार कर मुख्य सचिव के माध्यम से मुख्यमंत्री कार्यालय को भेज दी है। मुख्य सचिव की सहमति मिलने के बाद अब मुख्यमंत्री की मंजूरी के बाद ही बहाली का औपचारिक आदेश जारी होगा। अभिषेक प्रकाश उस समय चर्चा में आए थे जब वे इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) थे। उन पर एक सोलर मैन्युफैक्चरिंग प्रोजेक्ट को मंजूरी दिलाने के बदले कथित रूप से रिश्वत मांगने का आरोप लगा था। शिकायत एक कंपनी के प्रतिनिधि विश्वजीत दत्ता ने मुख्यमंत्री को भेजी थी। शिकायत में आरोप था कि परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए लागत का लगभग 5 प्रतिशत कमीशन एक कथित दलाल के माध्यम से मांगा गया। इस मामले में 20 मार्च 2025 को गोमतीनगर थाने में दलाल निकांत जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया था। उसी दिन सरकार ने अभिषेक को निलंबित कर राजस्व परिषद, लखनऊ से संबद्ध कर दिया था।


अभिषेक प्रकाश

मामले की जांच कर रही एसआईटी ने करीब 1600 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें 50 से अधिक गवाहों के बयान शामिल थे। शिकायतकर्ता ने अपने बयान में कहा था कि कथित दलाल निकांत जैन बार-बार तत्कालीन सीईओ अभिषेक प्रकाश का नाम लेकर रिश्वत की मांग कर रहा था। हालांकि अदालत में सुनवाई के दौरान यह सवाल भी उठा कि जब शिकायत में अधिकारी का नाम लिया गया है तो एफआईआर में उन्हें नामजद क्यों नहीं किया गया। पुलिस ने अदालत को बताया था कि जांच जारी है और साक्ष्य मिलने पर आगे कार्रवाई की जाएगी। बचाव पक्ष ने अदालत में तर्क दिया कि रिश्वत के आरोपों के समर्थन में कोई प्रत्यक्ष साक्ष्य नहीं है। सूत्रों के अनुसार, नियमों के तहत किसी आईएएस अधिकारी के निलंबन की पहली समीक्षा 90 दिन, फिर 180 दिन और उसके बाद एक वर्ष पूरा होने से पहले अनिवार्य रूप से की जाती है। कोर्ट के आदेश के बाद बदली परिस्थितियों को देखते हुए कार्मिक विभाग ने मामले की रिपोर्ट केंद्र सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को भेजने के लिए पत्रावली तैयार की है। मुख्यमंत्री की मंजूरी मिलने के बाद अभिषेक प्रकाश की बहाली का आदेश जारी किया जा सकता है।

### योगी सरकार में निलंबित आईएएस

* जितेन्द्र बहादुर सिंह (2005) – डीएम गोंडा, अनाज वितरण में अनियमितता
* कुमार प्रशांत (2010) – डीएम फतेहपुर, गेहूं खरीद घोटाला
* देवेन्द्र कुमार पांडेय (2011) – डीएम उन्नाव, शिक्षा विभाग खरीद में गड़बड़ी
* अमरनाथ उपाध्याय (2011) – डीएम महाराजगंज, गौशाला बजट अनियमितता
* केदारनाथ सिंह – पर्यटन विभाग, विभागीय अनियमितता
* शारदा सिंह – चकबंदी आयुक्त, भर्ती में आरक्षण नियम उल्लंघन

### निलंबित आईपीएस

* जसवीर सिंह – सोशल मीडिया टिप्पणी
* दिनेश चंद्र दुबे, अरविंद सेन – पशुपालन घोटाला
* वैभव कृष्णा – आपत्तिजनक वीडियो मामला
* अपर्णा गुप्ता – अपहरण कांड जांच
* अभिषेक दीक्षित – कानून व्यवस्था में लापरवाही
* मानिकलाल पाटीदार – भ्रष्टाचार
* सुभाष चंद्र दुबे – सहारनपुर हिंसा
* डॉ. सतीश कुमार – रिश्वतखोरी
* एन. कोलांची – तबादलों में अनियमितता
* अतुल शर्मा – कानून व्यवस्था विफलता
* आरएम भारद्वाज – संभल घटना
* संतोष कुमार सिंह – कानून व्यवस्था में ढिलाई
* हिमांशु कुमार – विवादित ट्वीट

# स्मार्ट मीटर व्यवस्था आज से लागू

## पावर कॉरपोरेशन ने सभी उपभोक्ताओं से अपने बिजली खाते का बैलेंस सकारात्मक रखने की अपील की

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को दस मिनट में बिजली न आने पर मिले मुआवजा
- उपभोक्ता परिषद ने आयोग में दाखिल किया प्रस्ताव

**अमृत विचार :** प्रदेश में शुक्रवार से स्मार्ट मीटरिंग व्यवस्था लागू होने जा रही है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने सभी उपभोक्ताओं से अपने बिजली खाते का बैलेंस सकारात्मक रखने की अपील की है। विभाग के अनुसार जिन उपभोक्ताओं का बैलेंस माइनस में होगा, उनकी बिजली आपूर्ति स्वतः बंद हो सकती है।

इधर, राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने प्रदेश के स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के अधिकारों के लिए आवाज उठाई है। उन्होंने उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग को प्रस्ताव दिया कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं द्वारा रीचार्ज करते ही महज यदि दस मिनट में बिजली नहीं आती है तो उपभोक्ता को मुआवजा देना अनिवार्य किया जाना चाहिए। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष ने बताया कि गुरुवार को विद्युत नियामक आयोग के सदस्य संजय कुमार सिंह को एक प्रस्ताव सौंपा गया। प्रस्ताव में स्मार्ट प्रीपेड मीटर से जुड़े उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई है। उन्होंने त्रिपुरा और आंध्र प्रदेश का आदेश रखते हुए आयोग से कहा कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर में बैलेंस होने के 15 मिनट में कनेक्शन जुड़ने का प्रावधान है, जबकि अन्य कई राज्यों में भी 10 मिनट का नियम है। इसलिए उत्तर प्रदेश में दो घंटे का जो प्रावधान है, उसमें संशोधन करके 10 मिनट का प्रावधान किया जाए। उन्होंने यह कहा कि उपभोक्ताओं को प्रीपेड और पोस्टपेड दोनों प्रकार के भुगतान विकल्प उपलब्ध कराए जाने का नियम है। लेकिन बिजली कंपनियां मनमानी करके उन्हें कोई विकल्प नहीं दे रही है। नियमों के मुताबिक ग्रामीण और शहरी सभी उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराना अनिवार्य है। उसके बाद भी लगातार बिजली की कटौती की जा रही है। गौरतलब है कि विद्युत नियामक आयोग ने नियम बनाया है कि रिचार्ज के दो घंटे तक यदि बिजली सप्लाई शुरू नहीं की जाती तो उपभोक्ता को मुआवजा दिया जाए।



### बिजली निगमों में बढ़ता खर्च

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं की लगातार बढ़ती संख्या के बावजूद बिजली निगमों में नियमित भर्ती लंबे समय से लंबित है। वर्तमान में प्रदेश में लगभग तीन करोड़ 72 लाख बिजली उपभोक्ता हैं, लेकिन इसके अनुपात में स्थाई पदों पर नियुक्तियां नहीं हो पा रही हैं। दूसरी ओर बिजली कंपनियों का परिचालन और अनुरक्षण (ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस) खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है। वर्ष 2025-26 के लिए जहां 8,990 करोड़ रुपये का परिचालन और अनुरक्षण खर्च अनुमोदित किया गया था, वहीं वर्ष 2026-27 के लिए इसे बढ़ाकर 9,452 करोड़ रुपये प्रस्तावित किया गया है।

# 25 हजार संविदा कर्मी हटाए गए गड़बड़ा सकती है बिजली व्यवस्था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि राज्य विद्युत परिषद ने करीब 25 हजार संविदा कर्मियों को हटा दिया है, जिससे कर्मियों में भारी आक्रोश है। उधर छंटनी के चलते गर्मियों में बिजली सप्लाई की व्यवस्था गड़बड़ा सकती है।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन द्वारा बिजली वितरण कंपनियों के निजीकरण के लिए लगातार संविदा कर्मियों की छंटनी कर रही है। जिन संविदा कर्मियों ने 20-25 वर्षों तक बिजली व्यवस्था को संभाला। जिनमें से कुछ दुर्घटनाओं में अपंग भी हो चुके हैं, उन्हें भी बेरोजगार किया जा रहा है। बताया कि मानकों के मुताबिक, शहरी क्षेत्र के प्रत्येक विद्युत उपकेंद्र पर 36 संविदा कर्मी तथा ग्रामीण क्षेत्र में 20 कर्मी तैनात होने चाहिए। लेकिन वर्तमान में जारी किए जा रहे टेंडरों में शहरी क्षेत्रों में 18 और ग्रामीण क्षेत्रों में 12 कर्मियों की व्यवस्था की जा रही है, जिससे लगभग 45 प्रतिशत संविदा कर्मियों की छंटनी हो रही है।

### छंटनी पर उपभोक्ता परिषद ने उठाए सवाल

**अमृत विचार :** बिजली निगमों में संविदा कर्मियों की लगातार छंटनी का मामला भी सामने आया है, जिसे लेकर उपभोक्ता परिषद ने गंभीर चिंता जताई है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि एक ओर बिजली कर्मियों के परिचालन और रखरखाव पर खर्च बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश में संविदा कर्मियों की छंटनी की जा रही है, जो चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि संविदा कर्मियों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया उचित नहीं है। उन्होंने बताया कि ट्रांसमिशन से जुड़ी सुनवाई के दौरान उपभोक्ता परिषद ने बिजली निगमों में संविदा कार्मिकों की छंटनी, उन्हें प्रदेश सरकार के संविदा सेवा निगम से अलग रखने और लंबे समय से स्थाई पदों पर भर्ती न किए जाने का मुद्दा उठाया था। परिषद ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए संविदा कर्मियों को समान काम के लिए समान वेतन दिए जाने की भी मांग की है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए नियामक आयोग ने पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक से तीन दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। परिषद ने मांग की है कि प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं की संख्या को देखते हुए सभी बिजली निगमों में नियमित स्थाई पदों पर भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू की जाए, ताकि उपभोक्ता सेवाएं प्रभावित न हों और बिजली निगमों की कार्यप्रणाली सुचारू बनी रहे।


बलरामपुर स्थित शक्तिपीठ देवीपाटन में मां पाटेश्वरी की पूजा-अर्चना करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

# एक टैबलेट से तीन रोगों का इलाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अल्जाइमर के साथ मोटापे पर भी वार, याददाश्त कमजोर होने से भी बचाया जा सकेगा
- लंदन में दवा पर चल रहा ह्यूमन ट्रॉयल, शुरुआती नतीजे उत्साहजनक

**अमृत विचार :** अब अल्जाइमर का इलाज आसान होगा। एक गोली से तीन गंभीर बीमारियों से मरीजों को निजात मिल सकेगी। इसमें अल्जाइमर के साथ मोटापे पर भी वार होगा। याददाश्त को कमजोर होने से भी बचाया जा सकेगा। लंदन में दवा पर ह्यूमन ट्रॉयल चल रहा है। शुरुआती नतीजे उत्साहजनक आए हैं। यह जानकारी लंदन के डॉ. मोने जैदी ने दी।

वह गुरुवार को केजीएमयू मेडिसिन विभाग की ओर से ब्राउन हॉल में भाटिया-मिश्रा स्मृति व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। डॉ. मोने जैदी ने कहा कि अल्जाइमर में मरीज को भूलने की समस्या हो जाती है। मरीज एक ही सवाल बार-बार पूछते हैं। सोचने और निर्णय लेने में परेशानी होती है। यहां तक पैसे का हिसाब या योजना बनाने में कठिनाई होती है। भारत में अल्जाइमर मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। उन्होंने कहा कि नई दवा तैयार की है जिससे अल्जाइमर, मोटापा को रोकेगा। याददाश्त को कमजोर होने से बचाने में मदद करेगी। फॉलिकल-उत्तेजक हार्मोन (एफएसएच) को अवरुद्ध करने वाली दवा नई उम्मीद बनकर उभर रही है। एफएसएच हार्मोन को नियंत्रित करने से न केवल हड्डी और मोटापे पर असर पड़ सकता है। बल्कि मस्तिष्क को तंत्रिका क्षति से भी सुरक्षा मिल सकती है। डॉ. केके सावलानी ने कहा कि नियमित कसरत करें। पैदल चलें। फास्ट फूड, कोल्ड ड्रिंक से तौबा करें। इस मौके पर केजीएमयू मेडिसिन विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सीजी अग्रवाल, गठिया रोग विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एसके दास, हिमैटोलॉजी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एके त्रिपाठी, डॉ. अशोक चन्द्र, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीके ओझा, पैरामेडिकल विज्ञान के डीन डॉ. केके सिंह तथा शैक्षणिक अधिष्ठाता एवं मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र आतम व डॉ. मेधावी गौतम मौजूद रहे।

# अब तकनीक से होगी बच्चों की ग्रोथ और कुपोषण की निगरानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आंगनबाड़ी केंद्रों को मिलेंगे 1.33 लाख स्टेडियोमीटर

**अमृत विचार:** प्रदेश में बच्चों के स्वस्थ भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए योगी सरकार पोषण अभियान के तहत आंगनबाड़ी व्यवस्था को तकनीकी रूप से मजबूत कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी के लिए एक लाख 33 हजार से अधिक स्टेडियोमीटर उपलब्ध कराए जाएंगे। इन उपकरणों की मदद से बच्चों की लंबाई का सटीक मापन कर उनके पोषण स्तर का सही आकलन किया जा सकेगा।

सरकार के अनुसार, आंगनबाड़ी केंद्रों पर ग्रोथ मॉनिटरिंग को वैज्ञानिक और सटीक बनाने के लिए आधुनिक उपकरणों का उपयोग बढ़ाया जा रहा है। वर्ष 2021 और 2022 में भी प्रदेश में 1 लाख 88 हजार से अधिक स्टेडियोमीटर उपलब्ध कराए गए थे। इन उपकरणों के माध्यम से दो वर्ष से अधिक आयु के बच्चों की ऊंचाई का सटीक आकलन किया जाता है, जिससे उनके शारीरिक विकास की नियमित निगरानी संभव हो पाती है। सरकार का मानना है कि बचपन में पोषण और स्वास्थ्य की सही देखभाल ही एक स्वस्थ और मजबूत समाज की नींव रखती है। इसी उद्देश्य से प्रदेश के लाखों बच्चों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए आंगनबाड़ी व्यवस्था को लगातार सशक्त किया जा रहा है।

कुपोषण के खिलाफ चल रही लड़ाई में तकनीक को भी महत्वपूर्ण साधन बनाया गया है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर आधुनिक ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस के जरिए बच्चों के विकास की नियमित निगरानी की जा रही है। इससे बच्चों की वृद्धि की सटीक जानकारी मिलती है और समय रहते पोषण संबंधी आवश्यक कदम उठाए जा सकते हैं।

# छह अंतर्जनपदीय चोर गिरफ्तार

**अमृत विचार, शाहाबाद, हरदोई:** बेहटा गोकुल पुलिस, स्वाट व सर्विलांस टीम ने जल जीवन मिशन के पाइप चोरी मामले का खुलासा करते हुए छह अंतर्जनपदीय चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी के आठ पाइप, घटना में प्रयुक्त डीसीएम वाहन और सात मोबाइल बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार बरेली निवासी ठेकेदार हरिनंदन ने मार्च 2025 में ग्राम मुसेपुर से 58 पाइप चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच में दीपक, रिंकू, शिवप्रसाद, अजीत, शंकरलाल और अश्वनी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने दिन में रेकी कर रात में चोरी करने की बात कबूली। सभी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

# 50 हजार का इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार :** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। देर रात मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र में पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ के बाद 50 हजार के इनामी अपराधी मो. इस्लाम उर्फ मच्छर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की गोली लगने से बदमाश घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह पूरा मामला मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के इसौली मोड़ का है।

पुलिस द्वारा चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान कबाड़ व्यवसायी रमन अग्रहरि के अपहरण और फिरौती कांड में फरार चल रहे आरोपी मो. इस्लाम उर्फ मच्छर को घेर लिया गया। खुद को घिरता देख बदमाश ने भागने की कोशिश की, जिसके बाद हुई मुठभेड़ में वह घायल हो गया और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार बदमाश गोंडा जिले का रहने वाला है। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर बीते 10 फरवरी को मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के रहने वाले कबाड़ व्यवसायी रमन अग्रहरि का कार समेत अपहरण कर लिया था। बदमाशों ने व्यापारी से आठ लाख रुपये से अधिक की फिरौती वसूलने के बाद उसे छोड़ा था। मामले के कई अन्य आरोपी पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं।


मुठभेड़ के बाद घायल बदमाश को ले जाती पुलिस। अमृत विचार

# पति की मौत के बाद पत्नी ने भी की आत्महत्या

**अमृत विचार, हरदोई :** अतरौली थाना क्षेत्र के लुधौरा गांव निवासी अमरेंद्र बाजपेई की पत्नी 48 वर्षीय रिंकी बाजपेई ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। करीब दो वर्ष पहले अमरेंद्र की मौत के बाद रिंकी बच्चों की परवरिश के लिए शहर के प्रगति नगर में किराए के मकान में रह रही थीं। बुधवार रात दोनों बच्चे सो गए थे, इसी दौरान वह घर से बाहर निकलीं और मकान के पास पेड़ से साड़ी के सहारे फांसी लगा ली। छोटी बेटी प्रज्ञा ने मां को खोजते हुए शव लटका देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अलविदा की नमाज पर पुराने शहर में ट्रैफिक डायवर्जन

## व्यवस्था : डायवर्जन दोपहर 12 बजे से लेकर नमाज की समाप्ति तक रहेगा लागू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** रमजान माह के अंतिम जुमे पर अलविदा की नमाज अदा की जाएगी। इसके चलते रूट डायवर्जन किया गया है। डीसीपी ट्रैफिक कमलेश दीक्षित ने बताया कि 12:30 बजे आसिफी मस्जिद बड़ा इमामबाड़ा और 1 बजे टीले वाली मस्जिद पर नमाज अदा की जाएगी। दोपहर करीब 12 बजे से डायवर्जन लागू किया जाएगा। इस दौरान किसी प्रकार की समस्या आने पर ट्रैफिक कंट्रोल नंबर 9454405155 पर संपर्क कर सकते हैं।

### इधर से न जाएं

- सीतापुर रोड से आने वाले वाहन डालीगंज रेलवे क्रांसिग तिराहे से पक्के पुल (टीले वाली मस्जिद) की तरफ नहीं जाएंगे।
- पक्का पुल खदरा साइड तिराहा से वाहन पक्का पुल (टीले वाली मस्जिद) की तरफ नहीं जाएंगे।
- हरदोई रोड/बालागंज से बड़े इमामबाड़े व टीले वाली मस्जिद के तरफ वाहन नहीं जाएंगे।
- कोनेश्वर चौराहे से बड़ा इमामबाड़ा, टीले वाली मस्जिद की तरफ वाहन नहीं जाएंगे।
- नींबू पार्क (रूमीगेट चौकी) चौराहे से बड़ा इमामबाड़ा व टीले वाली मस्जिद की तरफ वाहन नहीं जाएंगे।
- नींबू पार्क ओवरब्रिज से रूमी गेट की तरफ वाहन नहीं जाएंगे।
- चौक तिराहा से नींबू पार्क (रूमी गेट चौकी) चौराहा की तरफ वाहन नहीं जाएंगे।




- मेडिकल क्रास (कमला नेहरू) चौराहे से फूलमंडी, खुन-खुन जी गर्ल्स कालेज, नींबू पार्क चौराहे की तरफ वाहन नहीं जाएंगे।
- शाहमीना तिराहे से पक्का पुल (टीले वाली मस्जिद) की तरफ वाहन नहीं जाएंगे।
- डालीगंज पुल चौराहे से सीतापुर रोड की तरफ जाने वाली बस व अन्य वाहन पक्का पुल की तरफ नहीं जाएंगे।
- शाहमीना तिराहे से कैसरबाग होते हुए हरदोई रोड की तरफ जाने वाली रोडवेज, सिटी बस पक्का पुल, बड़ा इमामबाड़ा की तरफ नहीं जाएंगी।

### इधर से जाएं

- वाहन डालीगंज क्रासिंग ओवरब्रिज से बाएं मुड़कर चौराहा नं-आठ निरालानगर से आईटी चौराहा की ओर से जाएंगे।
- वाहन बंधा रोड या नया पुल से होकर जा सकेंगे।
- वाहन कोनेश्वर मंदिर चौराहे से दाएं चौक चौराहा, मेडिकल कालेज चौराहा होकर जाएंगे।
- वाहन कोनेश्वर मंदिर चौराहे से चौक चौराहा, मेडिकल क्रास (कमला नेहरू), शाहमीना तिराहा या नींबू पार्क (रूमी गेट चौकी) चौराहे से नया पुल होकर जाएंगे।
- वाहन कोनेश्वर चौराहा या नींबू पार्क के पीछे नया पुल होकर जा सकेंगे।
- वाहन ठाकुरगंज होकर जाएंगे।
- वाहन मेडिकल क्रास (कमला नेहरू) होकर जाएंगे।
- वाहन चौक चौराहा, कोनेश्वर चौराहा होकर जाएंगे।
- वाहन मेडिकल कालेज या डालीगंज पुल, आईटी होकर जाएंगे।
- वाहन आईटी, कपूरथला, पुरनिया होकर जाएंगे।
- रोडवेज व सिटी बस शाहमीना तिराहे से बाएं मेडिकल कालेज, चौक चौराहा, कोनेश्वर चौराहा होकर जाएंगी।

# ग्रीन कॉरिडोर मार्ग के उद्घाटन के चलते यातायात व्यवस्था में बदलाव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार दोपहर 2 बजे ग्रीन कॉरिडोर का उद्घाटन करेंगे। डीसीपी ट्रैफिक कमलेश दीक्षित ने बताया कि इसके चलते दोपहर 1 बजे से यातायात डायवर्जन कर दिया जाएगा। इस दौरान किसी प्रकार की समस्या आने पर शहरवासी ट्रैफिक कंट्रोल नंबर 9454405155 पर संपर्क कर सकते हैं।

### यहां से न जाएं

- आईटी चौराहा से हनुमान सेतु मंदिर/नदवा बंधा चौराहा की तरफ वाहन नहीं जाएंगे। ये वाहन डालीगंज, इक्का तांगा स्टैंड चौराहा, डालीगंज पुल चौराहा होकर जा सकेंगे।
- डालीगंज इक्का तांगा स्टैंड चौराहा से हनुमान सेतु मंदिर/नदवा बंधा चौराहा की तरफ वाहन नहीं जाएंगे। ये वाहन डालीगंज पुल चौराहा होकर जा सकेंगे।
- सुशीला देवी स्मृतिका तिराहा से नदवा बंधा चौराहा की तरफ वाहन नहीं जाएंगे। ये वाहन पेपरमिल तिराहा, निशातगंज या संकल्प वाटिका तिराहा, सिकंदरबाग चौराहा होकर जा सकेंगे।
- हनुमान सेतु मंदिर/नदवा बंधा चौराहा से सुशीला देवी स्मृतिका तिराहा की तरफ वाहन नहीं जाएंगे। ये वाहन सुभाष चौराहा होकर जा सकेंगे।
- आरआर बंधा चौराहा से समतामूलक चौराहा की तरफ वाहन नहीं जाएंगे। ये वाहन फन मॉल होते हुए जा सकेंगे।
- समतामूलक चौराहा से आरआर बंधा चौराहा की तरफ वाहन नहीं जाएंगे। ये वाहन आरबीआई कटिंग, डिगडिगा चौराहा, पालीटेक्निक चौराहा या 1090 चौराहा, गोल्फ क्लब चौराहा होकर जा सकेंगे।
- डालीगंज पुल चौराहा/ग्रीन कॉरिडोर ढाल (डालीगंज साइड) से ग्रीन कॉरिडोर मार्ग पर वाहन नहीं जाएंगे। वाहन डालीगंज इक्का तांगा स्टैंड चौराहा या सीडीआरआई तिराहा होते हुए जा सकेंगे।

न्यूज ब्रीफ

### राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष आज करेंगी जनसुनवाई

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** 13 मार्च को विकास भवन सभागार में राज्य महिला आयोग चारु चौधरी उपाध्यक्ष द्वारा जनपद में महिला सुरक्षा एवं अधिकारों से संबंधित मुद्दों पर विशेष जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक में जनपद के समस्त संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला उत्पीड़न की घटनाओं की रोकथाम, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाना तथा महिलाओं से जुड़े मामलों की प्रभावी ढंग से समीक्षा करना है। इस दौरान महिला उत्पीड़न से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे, ताकि पीड़ित महिलाओं को शीघ्र न्याय और उचित सहायता मिल सके। साथ ही महिला जनसुनवाई के दौरान जनपद की पीड़ित महिलाएं अपनी शिकायतें सीधे राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगी। प्राप्त शिकायतों पर मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे।

# चार दशक पुराने हत्या के मामले में दो आरोपी बरी

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अभियोजन में गंभीर खामियां मिलने पर संदेह का लाभ देकर किया दोषमुक्त

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लगभग चार दशक पुराने हत्या मामले में दो आरोपियों की दोषसिद्धि रद्द कर उन्हें संदेह का लाभ देते हुए बरी करने का आदेश दिया। कोर्ट ने माना कि अभियोजन की कहानी कई गंभीर खामियों, विरोधाभासों और ठोस साक्ष्यों के अभाव से ग्रस्त है, इसलिए केवल संदेह के आधार पर आपराधिक दोषसिद्धि कायम नहीं रखी जा सकती। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद की खंडपीठ ने वर्ष 1984 में पारित ट्रायल कोर्ट के फैसले के विरुद्ध दाखिल अपीलों करते हुए दिया। ट्रायल कोर्ट, आगरा ने चारों आरोपियों-रघुवीर सिंह, नत्थी, जगराम और भरत को आईपीसी की धारा 302/34 और 307/34 के तहत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा दी थी। अपील लंबित रहने के दौरान दो आरोपी रघुवीर सिंह और जगराम की मृत्यु हो गई, जिसके कारण उनके विरुद्ध अपील समाप्त हो गई। वर्तमान अपील नत्थी और भरत के संबंध में ही विचाराधीन है। मामले के अनुसार 25 मई 1983 की शाम गांव रायभा निवासी तेज सिंह, मृतक थान सिंह, शैतान सिंह और टीकम सिंह वानखंडी महादेव मंदिर के पास स्थित कुएं पर नहाने के लिए जा रहे थे। रास्ते में मृतक थान सिंह और गांव मदीहर निवासी नब्बा उर्फ नप्पा के दामाद के बीच विवाद हो गया। इसके बाद रघुवीर सिंह, भरत, नत्थी और जगराम हथियारों से लैस होकर पहुंचे और थान सिंह पर हमला कर दिया।अभियोजन के मुताबिक नत्थी और जगराम ने चाकू से वार किए, जबकि रघुवीर सिंह और भरत ने गोली चलाई। हमले में थान सिंह की मृत्यु हो गई और टीकम सिंह घायल हो गया। बाद में पुलिस ने मामला दर्ज कर चारों आरोपियों के विरुद्ध आरोपपत्र दाखिल किया। अपीलकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए मामले में कई गंभीर खामियां बताईं।

### लेखपाल की लापरवाही से विधवा का बीमा दावा खारिज करना अनुचित

**विधि संवाददाता, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री किसान एवं सर्वहित बीमा योजना के तहत एक किसान की मृत्यु के बाद उसकी पत्नी के बीमा दावे को केवल देरी के आधार पर खारिज किए जाने को अनुचित बताते हुए जिला प्रशासन का आदेश निरस्त कर दिया और कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही के कारण लाभार्थी को योजना के लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता। सामाजिक कल्याण योजनाओं का उद्देश्य संकटग्रस्त परिवारों को त्वरित आर्थिक सहायता देना है, इसलिए प्रशासन को "मानवीय और व्यावहारिक दृष्टिकोण" अपनाना चाहिए, न कि कठोर तकनीकी आपत्तियों के आधार पर दावे अस्वीकार करने चाहिए। यह आदेश न्यायमूर्ति अजीत कुमार और न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद की खंडपीठ ने लालसा देवी की याचिका स्वीकार करते हुए दिया। मामले के अनुसार याची के पति राम प्रवेश यादव एक सीमांत किसान थे, उनकी 6 सितम्बर 2016 को भैंस के हमले से मृत्यु हो गई थी। पंचनामा उसी दिन किया गया और 7 सितम्बर 2016 को पोस्टमार्टम हुआ। इसके बाद याची ने मुख्यमंत्री किसान एवं सर्वहित बीमा योजना के तहत दावा प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शुरू की। याची के अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया कि याची ने आवश्यक दस्तावेज नियमानुसार समयसीमा के भीतर संबंधित लेखपाल को दे दिए थे, लेकिन लेखपाल ने उन्हें आगे प्रेषित नहीं किया। बाद में उसका तबादला हो गया और उसने दस्तावेज नए लेखपाल को भी नहीं सौंपे, जिसके कारण दावा प्रक्रिया में देरी हुई। याची के अधिवक्ता ने यह भी बताया कि जब अंततः मामला अधिकारियों तक पहुंचा, तो बीमा समिति ने इसे मृत्यु के लगभग 20 महीने बाद दाखिल होने का हवाला देकर देरी से दाखिल मानते हुए खारिज कर दिया।

### अवैध गिरफ्तारी पर जांच अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के निर्देश

**विधि संवाददाता, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी प्रक्रिया में गंभीर त्रुटियां और मजिस्ट्रेट द्वारा बिना न्यायिक विवेक के रिमांड आदेश पारित किए जाने को अवैध मानते हुए आरोपी की तत्काल रिहाई का आदेश दिया है। कोर्ट ने संबंधित जांच अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू करने तथा संबंधित मजिस्ट्रेट से स्पष्टीकरण तलब किया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति जय कृष्ण उपाध्याय की खंडपीठ ने अमन कुमार सिंह उर्फ मिक्की की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। वर्तमान याचिका में याची के खिलाफ थाना कोतवाली कोंच, जिला जालौन में दर्ज मुकदमे में अपनी गिरफ्तारी को अवैध घोषित करने तथा 6 सितंबर 2025 के रिमांड आदेश को निरस्त करने की मांग की गई थी। याची की ओर से अधिवक्ता ने तर्क दिया कि जांच अधिकारी द्वारा तैयार किया गया गिरफ्तारी मेमो पुलिस महानिदेशक के 3 जुलाई 2025 और 3 फरवरी 2026 के परिपत्रों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी के आधार से जुड़े कई कॉलम खाली छोड़ दिए गए हैं, जिससे पूरी गिरफ्तारी प्रक्रिया विधि के अनुरूप नहीं मानी जा सकती। इस पर कोर्ट ने माना कि उपलब्ध अभिलेखों से स्पष्ट है कि गिरफ्तारी और उसके आधार पर पारित रिमांड आदेश विधिसम्मत नहीं हैं। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के गौतम नवलखा बनाम एनआईए मामले का हवाला देते हुए कहा कि जब रिमांड आदेश पूर्णतः अवैध या यांत्रिक तरीके से पारित किया गया हो, तब बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका सुनवाई योग्य होती है। अदालत ने कहा कि इस मामले में मजिस्ट्रेट द्वारा रिमांड आदेश पारित करते समय आवश्यक न्यायिक विचार नहीं किया गया।

### स्टांप रिपोर्टिंग सेक्शन में रजिस्ट्री को पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध कराने का निर्देश

**विधि संवाददाता, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने न्यायालय में त्रुटिपूर्ण याचिकाएं प्रस्तुत करने के मामले में रजिस्ट्री से पूछा कि ऐसी त्रुटियां क्यों रह जा रही हैं। कोर्ट ने स्टाम्प रिपोर्टिंग सेक्शन के अधिकारियों की ऐसी लापरवाही पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि यदि याचिकाओं में पक्षकारों का विवरण, राहत प्रार्थना या दस्तावेजों में त्रुटियां रह जाती हैं तो अदालत का समय उन त्रुटियों को सुधारने में खर्च होता है। कोर्ट का काम मामलों के गुण-दोष पर निर्णय देना है, न कि याचिकाओं की तकनीकी खामियां ढूंढना। कोर्ट ने इस पर रजिस्ट्री अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा जिसके अनुपालन में स्टाम्प रिपोर्टिंग सेक्शन के तीन अधिकारियों ने सामूहिक रूप से कोर्ट के समक्ष स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया, जिसमें बताया गया कि प्रतिदिन 600-700 नई फाइलें रिपोर्टिंग के लिए आती हैं, जो छुट्टियों से पहले 900-1000 तक पहुंच जाती हैं। स्टाफ की कमी के कारण प्रत्येक रिपोर्टर को 70-80 फाइलें प्रतिदिन देखनी पड़ती हैं। रजिस्ट्रार जनरल के आदेश के अनुसार अगले ही कार्य दिवस तक रिपोर्ट लगाना अनिवार्य है। सेक्शन में कोई सेक्शन ऑफिसर तैनात नहीं है, इसलिए द्वितीय स्तर की जांच नहीं हो पाती। इस कारण अत्यधिक कार्यभार के चलते कभी-कभी अनजाने में त्रुटियां रह जाती हैं। इस पर कोर्ट ने स्टाम्प रिपोर्टरों के आचरण को उदारता से क्षमा किया, लेकिन चेतावनी दी कि यदि भविष्य में इसी प्रकार की त्रुटियां कोर्ट के समक्ष आईं तो इसे गंभीरता से लिया जाएगा। इसके साथ ही कोर्ट ने रजिस्ट्री को स्टाम्प रिपोर्टिंग सेक्शन में पर्याप्त स्टाफ और सेक्शन ऑफिसर तैनात करने का निर्देश दिया, जिससे मामलों की सही ढंग से जांच हो सके। बता दें कि अधिकारियों के अनुसार काम सुचारु रूप से चलाने के लिए सेक्शन में कम से कम 15 सहायक समीक्षा अधिकारी / समीक्षा अधिकारी, 5 सेक्शन ऑफिसर, तथा 3 चपरासियों की आवश्यकता है।

# कुपोषित बच्चों की पहचान कर पहुंचाएं लाभ

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में जिला पोषण समिति की बैठक कैंप कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में जनपद में संचालित विभिन्न पोषण संबंधी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि जनपद में कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ समय से उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों के नियमित संचालन, बच्चों को मिलने वाले पूरक पोषण आहार के वितरण तथा गर्भवती महिलाओं की समय-समय पर स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण की स्थिति की भी विस्तार से समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पोषण अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लोगों को संतुलित आहार, स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा बहुओं और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केंद्रों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए।



बैठक करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

### जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की अध्यक्षता में ब्राइवेट विलेज को कार्यान्वित किये जाने हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समीक्षा किया गया। इसके अन्तर्गत बार्डर के 04 विकास खण्ड लोटन, बर्डपुर, शोहरतगढ़ तथा बढ़नी के 25 गांव को चयनित किया गया है। इन ग्रामों में सरकार की योजनाओं का शत-प्रतिशत अच्छादन करना है। बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण एवं उपलब्धता, सड़क, बिजली, पानी आदि की क्षमता वृद्धि एवं संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करना।

# दो दिन से लापता महिला का खेत में मिला शव

जिला संवाददाता, संतकबीरनगर।



शारदा देवी की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के हाड़ापार गांव से दो दिन से लापता वृद्ध महिला की लाश गुरुवार को दक्षिण नहर के किनारे खेत में मिली। महिला के गले पर निशान थे और मुंह व नाक से खून निकला था। महिला के पहने जेवरात भी गायब थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया। परिजनों ने गला दबाकर हत्या किए जाने की आशंका जाहिर की।

हाड़ापार गांव की रहने वाली शारदा देवी (60) पत्नी स्वर्गीय रामललित यादव 10 मार्च की रात 8 बजे गांव स्थित समय माता मंदिर पर चल रहे विष्णु महायज्ञ में कथा सुनने गई थी। देर रात तक शारदा देवी घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने खोजबीन शुरु की। पीड़ित बेटे लक्ष्मीचंद ने बुधवार को कोतवाली खलीलाबाद में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई। गुरुवार की सुबह नहर किनारे गए एक व्यक्ति ने महिला का चप्पल देखा और शोर मचाया तो काफी लोग जुट गए। खोजबीन में नहर किनारे सरसों के खेत में शारदा देवी की लाश मिली। पीड़ित छोटे बेटे बबुंदर यादव का आरोप है कि मौके वारदात पर करीब 20 फिट तक उसकी मां को घसीटने जैसे हालात दिखाई दिए। उसकी मां के गले पर कालेपन के निशान थे और मुंह, नाक से खून निकला था। मां के जेवर गायब था। पूरी आशंका है कि मां की गला दबाकर हत्या की गई है। घटना की सूचना पर एएसपी सुशील कुमार सिंह, सीओ अमित कुमार, कोतवाल जय प्रकाश दूबे और फोरेसिंक टीम मौके पर पहुंच गई। एएसपी सुशील कुमार सिंह का कहना है कि डबल डॉक्टरों के पैनल से वीडियोग्राफी के बीच शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत की वजह स्पष्ट हो जाएगी। उसके बाद जैसी स्थिति होगी,आगे वैसी कार्रवाई की जाएगी।

### छोटे बेटे की शादी का ख्वाब रहा अधूरा

17 साल पहले पति राम ललित यादव की बीमारी की वजह से मौत हो गई थी। पति की मौत के बाद घर सहेजने की जिम्मेदारी शारदा देवी ने उठाई। दो बेटे लक्ष्मीचंद यादव और रामचंदर यादव की शादी हो चुकी है। जबकि छोटे बेटे बबुंदर अविवाहित है। बेटे बबुंदर शहर में एक व्यवयायी की गाड़ी चलाते है। मां शारदा देवी की ख्वाइश थी कि छोटे बेटे की शादी भी धूमधाम से करे। पोस्टमार्टम हाऊस आए मुंडेरवा क्षेत्र के अमरडोभा गांव के रहने वाले पीड़ित भाई रामकृपाल यादव, हाड़ापार के प्रधान प्रेमचंद यादव, विजय यादव,ज्ञानचंद यादव ने भी हत्या की आशंका जाहिर की।

# तालाब में डूबे छह वर्षीय बालक का शव दो दिन बाद हुआ बरामद

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** उस्का बाजार थाना क्षेत्र के संगलदीप गांव में नदी में डूबकर लापता हुए छह वर्षीय बालक का शव दो दिन बाद गुरुवार को बरामद हो गया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है।

गांव निवासी सुरेश ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया था कि सोमवार को अपराह्न लगभग एक बजे उनका करीब छह वर्षीय नाती ऋषिकेश पुत्र शैलेश यादव गांव के एक अन्य बच्चे के साथ नदी के पास खेल रहा था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना के बाद स्वजन व ग्रामीणों ने काफी खोजबीन की, लेकिन देर शाम तक बालक का कोई पता नहीं चल सका था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कराई थी। गुरुवार को बालक का शव राप्ती नदी में बरामद हुआ। प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय ने बताया कि बालक ऋषिकेश के डूबने से मौत हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और विधि विज्ञान प्रयोगशाला को भी सूचित किया गया है। अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ियों का होगा संचलन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा 14 एवं 15 मार्च को आयोजित होने वाली उप निरीक्षक, नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती की ऑफलाइन लिखित परीक्षा को ध्यान में रखते हुये अभ्यार्थियों की सुविधा हेतु अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ियों का संचलन किया जायेगा। 05179 छपरा-प्रयागराज रामबाग अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी 13 एवं 14 मार्च को छपरा से 18.30 बजे प्रस्थान करेगी। 05180 प्रयागराज रामबाग-छपरा अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी 14 मार्च को प्रयागराज रामबाग से 09.45 बजे प्रस्थान करेगी। 05180 प्रयागराज रामबाग-छपरा अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी 15 मार्च को प्रयागराज रामबाग से 18.25 बजे प्रस्थान करेगी। 05192 आजमगढ़-गोरखपुर अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी 13, 14 एवं 15 मार्च को आजमगढ़ से 14.00 बजे प्रस्थान करेगी। 05191 गोरखपुर-आजमगढ़ अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी गोरखपुर से 20.00 बजे प्रस्थान करेगी। 05185 गोरखपुर-बलिया अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी 13, 14 एवं 15 मार्च को गोरखपुर से 20.30 बजे प्रस्थान करेगी। इन परीक्षा विशेष गाड़ियों में अनारक्षित श्रेणी के कोच लगाये जायेंगे। शाहगंज से 14 एवं 15 मार्च को चलने वाली 55134 शाहगंज-बलिया सवारी गाड़ी निर्धारित समय 15.20 बजे के स्थान पर 60 मिनट रि-शिड्यूल कर 16.20 बजे चलाई जायेगी। परीक्षा के कारण 65131 मऊ-प्रयागराज रामबाग सवारी गाड़ी 14 मार्च दिन को एवं 65132 प्रयागराज रामबाग-मऊ सवारी गाड़ी 15 मार्च को चलाई जायेगी।

### सिगनलिंग की कमीशनिंग का कार्य संपन्न

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के गोरखपुर कैंट-भटनी रेल खंड पर स्थित देवरिया सदर-नूनखार स्टेशनों के मध्य 13.67 किमी. की ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग की कमीशनिंग का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया। यह कार्य बहुत ही सुगम तरीके से बिना ट्रेन परिचालन को प्रभावित किये सम्पन्न किया गया। इसके साथ ही, पूर्वोत्तर रेलवे पर अब तक 152.24 रूट किलोमीटर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है। वर्ष 2025-26 में अभी तक इस रेलवे पर गोविन्दनगर-बभनान (24.64 किमी.), बभनान-स्वामी नारायण छपिया (12 किमी.) तथा देवरिया सदर-नूनखार (13.67 किमी.) खंडों सहित कुल 50.31 किमी. ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग का कार्य पूर्ण किया गया।

# गाड़ियों के संचलन में परिवर्तन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** गोरखपुर से 26 मार्च को चलने वाली 15031 गोरखपुर-लखनऊ जं. एक्सप्रेस लखनऊ जं0 के स्थान पर गोमतीनगर 10.39 बजे पहुंचकर यात्रा समाप्त करेगी।

यह गाड़ी गोमतीनगर-लखनऊ जं. के मध्य निरस्त रहेगी तथा लखनऊ जं. से 26 मार्च को चलने वाली 15032 लखनऊ जं.-गोरखपुर एक्सप्रेस लखनऊ जं0 के स्थान पर गोमतीनगर से 16.40 बजे चलाई जायेगी। यह गाड़ी लखनऊ जं.-गोमतीनगर के मध्य निरस्त रहेगी। बरौनी से 25 मार्च को चलने वाली 15203 बरौनी-लखनऊ जं. एक्सप्रेस लखनऊ जं0 के स्थान पर बादशाहनगर में यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी बादशाहनगर-लखनऊ जं. के मध्य निरस्त रहेगी तथा लखनऊ जं. से 26 मार्च को चलने वाली 15204 लखनऊ जं.-बरौनी एक्सप्रेस लखनऊ जं के स्थान पर ऐशबाग से 15.27 बजे चलाई जायेगी। यह गाड़ी लखनऊ जं-ऐशबाग के मध्य निरस्त रहेगी। लखनऊ जं. से 26 मार्च, 2026 को चलने वाली 15205 लखनऊ जं.-जबलपुर एक्सप्रेस लखनऊ जं0 के स्थान पर ऐशबाग से 17.30 बजे चलाई जायेगी। यह गाड़ी लखनऊ जं.-ऐशबाग के मध्य निरस्त रहेगी।

# डीजल-पेट्रोल की कमी नहीं : डीएम

जिला संवाददाता, संतकबीरनगर

- अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार।** जिले में डीजल और पेट्रोल की आपूर्ति को लेकर जिलाधिकारी आलोक कुमार ने अधिकारियों और पंप संचालकों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि जनपद के सभी पेट्रोल पंपों पर ईंधन की कमी नहीं है। इसकी उपलब्धता हरहाल में सुनिश्चित की जाए और किसी भी स्थिति में जमाखोरी, कालाबाजारी या ओवररेटिंग न होने पाए।

डीएम आलोक कुमार ने बताया है कि ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के माध्यम से जनपद के 73 पेट्रोल पंपों पर उपभोक्ताओं के लिए डीजल और पेट्रोल की नियमित आपूर्ति की जा रही है। वर्तमान में जिले में ईंधन की उपलब्धता पर्याप्त है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों, पुलिस क्षेत्राधिकारियों और क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पेट्रोल पंपों की नियमित निगरानी करें। कहीं भी डीजल-पेट्रोल का अनाधिकृत भंडारण, डायवर्जन या कालाबाजारी पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी पेट्रोल पंप पर अनावश्यक भीड़ की स्थिति बनने पर संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर व्यवस्था सामान्य कराएं।

# एसडीएम धनघटा ने जांची गैस एजेंसी की व्यवस्थाएं

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** धनघटा स्थित गैस एजेंसीज का गुरुवार को उपजिलाधिकारी धनघटा डॉ. सुनील कुमार और जिला पूर्ति अधिकारी राजीव कुमार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गोदाम में 14.2 किलोग्राम के घरेलू गैस के 231 भरे सिलेंडर तथा 19 किलोग्राम के पांच भरे गैस सिलेंडर पाए गए।

तेज एचपी एजेंसी के प्रोपराइटर ने अधिकारियों को बताया कि 11 मार्च को 14.2 किलोग्राम के कुल 450 घरेलू गैस सिलेंडर आए थे, जिनमें से शेष सिलेंडरों को मिलाकर 463 उपभोक्ताओं को डिलीवरी कर दी गई। वहीं 12 मार्च को 14.2 किलोग्राम के 810 घरेलू गैस सिलेंडर प्राप्त हुए हैं, जिनकी डिलीवरी कराई जा रही है। एजेंसी प्रतिनिधि ने बताया कि क्षेत्र में गैस की कोई कमी नहीं है और पर्याप्त मात्रा में रिफिल उपलब्ध है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम व जिला पूर्ति अधिकारी ने एजेंसी संचालक को निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं को बुकिंग के अनुसार ओटीपी सत्यापन कराकर ही गैस सिलेंडर की डिलीवरी सुनिश्चित कराई जाए। साथ ही चेतावनी दी कि घरेलू गैस का दुरुपयोग या कालाबाजारी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।




गैस एजेंसी पर खड़े उपभोक्ता।

### असम और नॉर्थईस्ट इलाके में कनेक्टिविटी होगी बेहतर

**नई दिल्ली, अमृत विचार।** इंडियन रेलवे असम और बड़े नॉर्थईस्ट इलाके में कनेक्टिविटी, एफिशिएंसी और इकोनॉमिक ग्रोथ को मजबूत करने के लिए कई बड़े कदम उठाने वाला है, क्योंकि 13-14 मार्च को प्रधानमंत्री के राज्य दौरे के दौरान कई रेलवे प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन, देश को समर्पित और लॉन्च किया जाएगा। ये पहलें इस इलाके में रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर को मॉडर्न बनाने, पैसेंजर मोबिलिटी को बेहतर बनाने, ट्रेड को सपोर्ट करने और यह पक्का करने के लिए एक बड़े कदम का हिस्सा हैं कि नॉर्थईस्ट नेशनल रेलवे नेटवर्क के साथ और भी आसानी से जुड़ जाए।

सौगात | हरिहरपुर नगर पंचायत के जगदीशपुर गौरा में 25 एकड़ भूमि उपलब्ध

# संतकबीरनगर जिले में बनेगा स्पोर्ट्स कॉलेज

संवाददाता, संतकबीरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद में खेल प्रतिभाओं को नया मंच बहुत जल्द ही मुहैया होगी । मंडलायुक्त बस्ती अखिलेश सिंह के प्रयास से जिले में मंडलीय स्पोर्ट्स कॉलेज के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए नगर पंचायत हरिहरपुर के अंतर्गत राजस्व ग्राम जगदीशपुर गौरा में 25 एकड़ भूमि उपलब्ध करा दी गई है।

जिलाधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि मंडलायुक्त के निर्देश के क्रम में तहसील धनघटा के तप्पा माडर क्षेत्र स्थित गाटा संख्या 337 में करीब 10.000 हेक्टेयर (लगभग 25 एकड़) भूमि स्पोर्ट्स कॉलेज के निर्माण के लिए मंडलायुक्त को उपलब्ध करा दी गई है। डीएम के बताया कि,मंडलायुक्त की ओर से इस संबंध में प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। शासन स्तर से स्वीकृति मिलने के बाद कॉलेज के निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। वहीं, जिले में स्पोर्ट्स कॉलेज बनने से स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएं मिल सकेंगी। साथ ही यहां के युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने का अवसर भी मिलेगा। इससे जनपद में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।



जगदीशपुर गौरा में 25 एकड़ भूमि की उपलब्धता के बारे में जानकारी लेते कमिश्नर बस्ती अखिलेश सिंह और डीएम आलोक कुमार।

### गाड़ियों का संचलन में किया गया बदलाव

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा वाराणसी मंडल के औंड़िहार-भटनी रेल खंड पर स्थित लार रोड-सलेमपुर-पिवकोल स्टेशनों के मध्य पैच डबलिंग कार्य हेतु प्री-नान इंटलॉक एवं नान इंटरलॉक कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन, शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन एवं नियंत्रण/पुनर्निर्धारण किया जायेगा। नॉन इंटरलॉक कार्य पूर्ण होने के उपरान्त इस खंड का रेल संरक्षा आयुक्त, पूर्वोत्तर परिमंडल द्वारा 25 मार्च, 2026 को संरक्षा परीक्षण किया जायेगा। इस दौरान इस रेलखंड पर चलने वाली गाड़ियों के संचलन में परिवर्तन किया जाएगा।

# ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

जिला संवाददाता, संतकबीरनगर।

**अमृत विचार।** लखनऊ-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्गा मंदिर मगहर के पास हुए हादसे में घायल गोरखपुर के सहजनवा क्षेत्र के युवक की बुधवार की देर शाम मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भेज दिया।

गोरखपुर जनपद के सहजनवां थाना क्षेत्र के कुसमौल के रहने वाले 43 वर्षीय रामभजन पांडेय पुत्र राम प्रसन्न पांडेय बुधवार की शाम 04 बजे निजी काम से बाइक से सहजनवा जा रहे थे। मगहर दुर्गा मंदिर तिराहा हनुमान मंदिर के पास पहुंचे ही थे कि सड़क दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना के बाद आस-पास के लोग जुट गए। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए और घायल को एबुलेंस से जिला अस्पताल ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर ने देखते ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम हाऊस आ पीड़ित भांजे रिंकू दूबे और कुसमौल निवासी अनूप शर्मा ने बताया कि ट्रेलर की टक्कर बाइक सवार रामभजन पांडेय घायल हो गए थे। जिन्हें रेफर किए जाने पर मेडिकल कॉलेज गोरखपुर ले जाने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक तीन भाईयों में सबसे छोटे थे।

### बुग्गी की टक्कर से महिला की मौत

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** दुधारा थाना क्षेत्र के मठियापार गांव की रहने वाली एक महिला की घोड़ा-बुग्गी की टक्कर से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गुरुवार को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष दुधारा अरविंद शर्मा ने बताया कि क्षेत्र के मठियापार गांव निवासी 55 वर्षीय कतवारी पत्नी रामरूप प्रतापति बुधवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे घर के सामने टहल रही थीं। इसी दौरान वहां से गुजर रही घोड़ा-बुग्गी ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में उनके सिर में गंभीर चोट लग गई। परिजन घायल अवस्था में उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

